## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 762 / 2024

अनवान : –

1. बिरबलराम पुत्र रामेश्वरलाल जाति मेघवाल निवासी चक राजासर तहसील नोहर।

**– वादी**

**बनाम्**

1. सुमन पुत्री रामेश्वरलाल जाति मेघवाल निवासी चक राजासर तहसील नोहर।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **वादी**

श्री रविकान्त स्वामी अधिवक्ता **प्रतिवादीगण**

**निर्णय**

दिनांकः 09/9/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166 / 160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में से 1 / 3 हिस्सा भूमि प्रतिवादीया स0 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि प्रतिवादी स0 1 के नाम संयुक्त तौर से विरासतन दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण प्रतिवादी स0 1 के नाम भूमि दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 अपने भाई यानि की वादी से अत्यधिक स्नेह व मोह रखती है इसलिए अपना जो भी हक हिस्सा है अपने भाई के पक्ष मे परित्याग कर चुकी है। रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166 / 160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज 1 / 3 हिस्सा भूमि में वादी अकेला खातेदार काश्तकार रहेगा।

वादी ने प्रतिवादी स0 1 को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 को कोई एतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 2 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166 / 160 आदि दस्तावेज पेश किये जो की शामिल मिसल किये गये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.24 17:27:43 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद वर्तमान में वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 के नाम दर्ज है उक्त वाद भूमि प्रतिवादी स0 1 के नाम संयुक्त तौर से विरासतन दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण प्रतिवादी स0 1 के नाम भूमि दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 अपने भाई यानि की वादी से अत्यधिक स्नेह व मोह रखती है इसलिए अपना जो भी हक हिस्सा है अपने भाई के पक्ष मे परित्याग कर चुकी है। रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166/160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज 1/3 हिस्सा भूमि में वादी अकेला खातेदार काश्तकार रहेगा। प्रतिवादी स0 1 द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166/160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में से 1/3 हिस्सा भूमि प्रतिवादीया स0 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, वादी का कथन है कि उक्त वांद वर्तमान में वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 के नाम दर्ज है उक्त वाद भूमि प्रतिवादी स0 1 के नाम संयुक्त तौर से विरासतन दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण प्रतिवादी स0 1 के नाम भूमि दर्ज हुई है। प्रतिवादी स0 1 अपने भाई यानि की वादी से अत्यधिक स्नेह व मोह रखती है इसलिए अपना जो भी हक हिस्सा है अपने भाई के पक्ष मे परित्याग कर चुकी है। रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166/160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज 1/3 हिस्सा भूमि में वादी अकेला खातेदार काश्तकार रहेगा। वादी के उक्त कथनों को प्रतिवादीगण द्वारा स्वीकार करते हुए ईकबाल पेश किया गया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 को कोई एतराज नही है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166/160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में से 1/3 हिस्सा भूमि प्रतिवादीया स0 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.24 17:27:43 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 09/9/2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.24 17:27:43 IST
Reason: SelfAttested

## पर्चा डिक्री

### न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 762/2024

अनवान : –

1. बिरबलराम पुत्र रामेश्वरलाल जाति मेघवाल निवासी चक राजासर तहसील नोहर।

**– वादी**

**बनाम्**

1. सुमन पुत्री रामेश्वरलाल जाति मेघवाल निवासी चक राजासर तहसील नोहर।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**राजस्व वाद संख्या 762 सन 2024 निर्णय दिनांक** 09/9/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री नरेन्द्र किशोर जोशी एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 14 बारानी तहसील नोहर के खाता स0 166/160 की कुल 6.0720 हैक्ट भूमि में से 1/3 हिस्सा भूमि प्रतिवादीया स0 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 09/9/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.24 17:27:43 IST
Reason: SelfAttested